एकक 1

# रसायन विज्ञान की कुछ मूल अवधारणाएँ
# SOME BASIC CONCEPTS OF CHEMISTRY

## उद्देश्य

इस एकक के अध्ययन के बाद आप –

- जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में रसायन विज्ञान के महत्त्व को समझ सकेंगे;
- द्रव्य की तीन अवस्थाओं के अभिलक्षणों की व्याख्या कर सकेंगे;
- पदार्थों को तत्त्वों, यौगिकों और मिश्रणों में वर्गीकृत कर सकेंगे;
- SI आधार मात्रकों को परिभाषित कर सकेंगे और सामान्यतया प्रयुक्त कुछ पूर्वलग्नों को सूचीबद्ध कर सकेंगे;
- वैज्ञानिक-संकेतन का प्रयोग और संख्याओं पर सरल गणितीय प्रचालन कर सकेंगे;
- परिशुद्धता और यथार्थता में भिन्नता स्पष्ट कर सकेंगे;
- सार्थक अंक निर्धारित कर सकेंगे;
- भौतिक राशियों के मात्रकों को एक प्रणाली से दूसरी प्रणाली में रूपांतरित कर सकेंगे;
- रासायनिक संयोजन के विभिन्न नियमों की व्याख्या कर सकेंगे;
- परमाणु द्रव्यमान, औसत परमाणु द्रव्यमान, अणु द्रव्यमान और सूत्र द्रव्यमान की सार्थकता बता सकेंगे;
- मोल और मोलर द्रव्यमान-पदों का वर्णन कर सकेंगे;
- किसी यौगिक के घटक विभिन्न तत्त्वों का द्रव्यमान-प्रतिशत परिकलित कर सकेंगे;
- दिए गए प्रायोगिक आँकड़ों से किसी यौगिक के लिए मूलानुपाती सूत्र और अणु-सूत्र निर्धारित कर सकेंगे;
- स्टॉइकियोमीट्री गणनाएँ कर सकेंगे।

"*रसायन विज्ञान अणुओं और उनके रूपांतरण का विज्ञान है। यह न केवल एक सौ तत्त्वों का विज्ञान है, अपितु उनसे निर्मित होने वाले असंख्य प्रकार के अणुओं का भी विज्ञान है।*"

*रोअल्ड हॉफमैन*

रसायन विज्ञान पदार्थ के संघटन, संरचना, गुणधर्म से संबंधित है, जिन्हें पदार्थ के मौलिक अवयवों-परमाणुओं तथा अणुओं के माध्यम से अच्छी प्रकार समझा जा सकता है। यही कारण है कि रसायन विज्ञान 'परमाणुओं तथा अणुओं का विज्ञान' कहलाता है। क्या हम कणों को देख सकते हैं, उनका भार माप सकते हैं और उनकी उपस्थिति को अनुभव कर सकते हैं? क्या किसी पदार्थ की निश्चित मात्रा में परमाणुओं और अणुओं की संख्या ज्ञात कर सकते हैं और क्या हम इन कणों (परमाणुओं तथा अणुओं) की संख्या एवं उनके द्रव्यमान के मध्य मात्रात्मक संबंध दर्शा सकते हैं? इस एकक में हम ऐसे ही कुछ प्रश्नों के उत्तर पाएँगे। इसके अतिरिक्त हम यहाँ पर यह भी वर्णन करेंगे कि किसी पदार्थ के भौतिक गुणों को उपयुक्त इकाइयों की सहायता से मात्रात्मक रूप से किस प्रकार दर्शाया जा सकता है।

## 1.1 रसायन विज्ञान का महत्त्व

मानव द्वारा प्रकृति को समझने और उसका वर्णन करने के लिए ज्ञान को क्रमबद्ध करने की निरंतर चेष्टा ही 'विज्ञान' है। सुविधा के लिए विज्ञान को विभिन्न विधाओं (जैसे–रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, भू-विज्ञान आदि) में वर्गीकृत किया गया है। रसायन विज्ञान, विज्ञान की वह शाखा है, जिसमें पदार्थ के संघटन, गुणधर्म और अन्योन्य क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है। रसायनज्ञ निरंतर यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि रासायनिक रूपांतरण किस प्रकार हो रहे हैं। विज्ञान में रसायन विज्ञान की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, जो प्राय: विज्ञान की अन्य शाखाओं (जैसे–भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, भू-विज्ञान आदि) के साथ अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। दैनिक जीवन में भी रसायन विज्ञान की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

© NCERT not to be republished

**तालिका 1.1 आधार भौतिक राशियाँ और उनके मात्रक**

| आधार भौतिक राशि | राशि के लिए प्रतीक | SI मात्रक का नाम | SI मात्रक का प्रतीक |
|---|---|---|---|
| लंबाई | $l$ | मीटर | m |
| द्रव्यमान | $m$ | किलोग्राम | kg |
| समय | $t$ | सेकंड | s |
| विद्युत्धारा | $I$ | ऐम्पीयर | A |
| ऊष्मागतिक तापक्रम | $T$ | केल्विन | K |
| पदार्थ की मात्रा | $n$ | मोल | mol |
| ज्योति-तीव्रता | $I_v$ | केन्डेला | cd |

**तालिका 1.2 SI आधार मात्रकों की परिभाषाएँ**

| | | |
|---|---|---|
| ***लंबाई का मात्रक*** | ***मीटर*** | प्रकाश द्वारा निर्वात् में एक सेकंड के $\frac{1}{299792458}$ समय अंतराल में तय किए गए पथ की लंबाई एक मीटर है। |
| ***द्रव्यमान का मात्रक*** | ***किलोग्राम*** | 'किलोग्राम' द्रव्यमान का मात्रक है। यह अंतर्राष्ट्रीय मानक किलोग्राम द्रव्यमान के बराबर है। |
| ***समय का मात्रक*** | ***सेकंड*** | एक सेकंड सीजियम – 133 परमाणु की मूल अवस्था के दो अतिसूक्ष्म स्तरों के बीच होने वाले संक्रमण के संगत विकिरण के 91 92 631 770 आवर्तों की अवधि है। |
| ***विद्युत्धारा का मात्रक*** | ***ऐम्पियर*** | एक ऐम्पियर वह स्थिर विद्युत्धारा है, जो निर्वात् में 1 मीटर दूरी पर स्थित दो अनंत लंबाई वाले समांतर एवं नगण्य अनुप्रस्थ काट वाले चालकों के बीच प्रवाहित होने पर 2 $10^{-7}$ न्यूटन प्रति मीटर लंबाई का बल उत्पन्न करती है। |
| ***ऊष्मागतिक तापक्रम का मात्रक*** | ***केल्विन*** | केल्विन, ऊष्मागतिक ताप का मात्रक, जल के त्रिक बिंदु के ऊष्मागतिक ताप का $\frac{1}{273.16}$ वाँ भाग होता है। |
| ***पदार्थ की मात्रा का मात्रक*** | ***मोल*** | 1. मोल किसी निकाय में पदार्थ की वह मात्रा है, जिसमें मूल कणों (elementary entities) की संख्या उतनी ही होती है, जितनी 0.012 kg कार्बन -12 में उपस्थित परमाणुओं की संख्या। इसका संकेत मोल (mol) है।<br>2. जब मोल का प्रयोग किया जाता है, तब मूल कणों को इंगित (specify) करना चाहिए कि ये परमाणु, अणु, आयन, इलेक्ट्रॉन, अथवा अन्य कणों के विशिष्ट समूह हो सकते हैं। |
| ***दीप्त-तीव्रता का मात्रक*** | ***केन्डेला*** | 'केन्डेला' किसी दी गई दिशा में 540 $10^{12}$ हट्र्ज आवृत्ति वाले स्रोत की ज्योति-तीव्रता है, जो उस दिशा में $\frac{1}{683}$ वाट प्रति स्टिरेडियन की विकिरण-तीव्रता का एकवर्णीय प्रकाश उत्सर्जित करता है। |

© NCERT not to be republished

